एक नजर में

## अक्षत सीरवी एवं कबीर चौधरी का राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए चयन






**बदनावर** । संस्था के होनहार विद्यार्थी अक्षत सीरवी का अंडर-19 आयु वर्ग में इंदौर में आयोजित जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया जो कि आगामी 8 अक्टूबर 2025 से 11 अक्टूबर 2025 तक भिंड जिला में आयोजित की जावेगी। साथ ही शाला के विद्यार्थी कबीर चौधरी का अंडर 14 आयु वर्ग में झाबुआ जिला में आयोजित जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया। यह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आगामी दिनांक 8 अक्टूबर 2025 से 14 अक्टूबर 2025 तक खलवा,खंडवा जिला में आयोजित की जाएगी । इन दोनों होनहार विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रबंधक मंडल एवं विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की कामनाएं प्रेषित की

## बंगाल के फूलों से सजाया पांडव कालीन माँ हरसिद्धि का मंदिर

### माँ हरसिद्धि नवरात्री महोत्सव समापन पर विशाल भंडारा संपन्न





प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी सिंघाना में मां हरसिद्धि भंडारा समिति एवं नवरात्रि महोत्सव समिति द्वारा 16 वे वर्ष में मां हरसिद्धि नवरात्री महोत्सव समापन पर विशाल भंडारा संपन्न हुआ यहां मां हरसिद्धि की विधिवत पूजा अर्चना व महाआरती पंडित शेखर जी पाण्डे एवं पंडित कैलाश जी बिल्लोरर के द्वारा संपन्न करवाई गई इस अवसर पर 21 कन्याओ का पूजन के साथ कन्या भोज ब्राह्मण भोज के शाथ विशाल भंडारा संपन्न कराया गया इस अवसर पर पधारे जहां मां हरसिद्धि के दर्शन पूजन कर भक्तों को आशीर्वाद दीया इस अवसर पर नवरात्रा महोत्सव भंडारा समिति द्वारा महंत श्री योगेश महाराज का साल श्रीफल पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया, माता जी के दरबार को फूल बंगला द्वारा भव्य रूप से सजाया गया इस अवसर पर श्रीमती सावित्री ठाकुर सांसद धार महिला एवं बाल विकास मंत्री से भंडारा समिति एवं नवरात्र महोत्सव समिति द्वारा ठाकुर मैडम से गरबा पांडाल एवं भंडारा स्थान पर टीन सेट की मांग की। सांसद महोदय द्वारा भंडारा स्थान पर 25 लाख का टीन सेट देने की घोषणा की ठाकुर ने भी माता रानी की दर्शन किए और परसादी का लाभ लिया,इस अवसर पर सिंघाना के सभी सामाजिक, अनुषांगिक संगठन, मातृ शक्ति संगठन अन्य ग्रुप एवं संगठन एवं आसपास क्षेत्र से आए सभी ग्रामीण क्षेत्रों से भक्तों ने अपनी सेवाएं दी इस भंडारे में ग्रामीण क्षेत्र से पधारे 18000 भक्तगणों ने मां हरसिद्धि के दर्शन पूजन कर भंडारे में भोजन प्रसादी ग्रहण कर धर्म लाभ लिया इस अवसर पर नवरात्र महोत्सव समिति एवं भंडारा समिति द्वारा माता के दरबार में नव दिवस तक तन मन धन से सेवा करने वाले भक्तों लाइट व्यवस्था, जल व्यवस्था, मंदिर शाज शज्जआ, टेंट, डीजे, वह सभी पत्रकारों व पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया गया। मां हरसिद्धि मंदिर भंडारा समिति व नवरात्रि महोत्सव समिति एवं सर्व समाज के साथ आसपास क्षेत्र के सभी ग्रामीणों का सहयोग रहा।

## अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद की बैठक मांडू में संपन्न



**मांडू** । अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद, इंदौर संभाग की बैठक मांडू में धरमपुरी विधायक श्री कालू सिंह ठाकुरजी (प्रदेश उपाध्यक्ष) मुख्य अतिथि एवं अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के संभाग अध्यक्ष श्री नारायण सिंह भिड़े जी(एडवोकेट) की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में खरगोन जिला अध्यक्ष श्री शंकर बार्डे, झाबुआ जिला अध्यक्ष श्री कल्याण सिंह डामोर, बडवानी जिला अध्यक्ष श्री महेंद्र सिंह सोलंकी, धार जिला अध्यक्ष श्रीमती शायदा भिड़े, इंदौर जिला अध्यक्ष श्री धन्नालाल सोलंकी जी, परिषद युवा प्रभाग के प्रदेश महामंत्री श्री मांगीलाल वसुनियाजी मंच पर उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री श्री गिरधारी मंडलोई जी एवं आभार जिला पंचायत सदस्य पप्पू सिंह गामड़ जी ने किया। कार्यक्रम में इंदौर संभाग महामंत्री करण सिंह रावत जी के पदाधिकारी गण एवं कार्यकर्ताओं ने सभी का स्वागत किया। इस दौरान लोकप्रिय विधायक श्री कालू सिंह ठाकुर जी ने कहा है कि परिषद को मजबूत बनाने के लिए जिला ब्लॉक पंचायत स्तर पर गठन करना होगा और यह कार्य अति शीघ्र किया जाएगा एवं संबोधित करते हुए कहा हैं कि दिल्ली में होने जा रहे राष्ट्रीय सम्मेलन में 15ङ्क20 लाख आदिवासियों के सम्मेलन होने जा रहा है उसकी तैयारी हमें अभी जोरशोर से करना है तथा सदस्यता अभियान पर जोर दिया जावे। समाज के विभिन्न सामाजिक संस्थाओं को मिलजुल कर काम करना होगा।

इंदौर संभाग अध्यक्ष श्री नारायण सिंह भिड़े जी कहा कि स्वर्गीय श्री कार्तिक उरांव जी ने जो कि झारखंड के रहने वाले थे और विदेश में जाकर कई डिग्रियां प्राप्त की तथा पंडित जवरलाल नेहरू के मंत्रिमंडल में सदस्य थे उन्होंने बीच में त्यागपत्र दे दिया और पूरे देश में परिषद के मुहिम की नींव रखी एवं आगे बढ़ाया ऐसे महापुरुष को सादरनमन। वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद श्री सोमजी भाई डामोर तथा राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद श्री फग्गन सिंह कुलस्तेजी के नेतृत्व में पूरे देश एवं प्रदेश में जगह जगह भ्रमण कर परिषद को मजबूत बनाने का कार्य कर रहे है ऐसे महापुरुषों को आदिवासी समाज कभी नहीं भूलेगा।

## किसान शासन की सोयाबीन भावान्तर योजना लाभ ले : सरपंच प्रतिनिधि

**सरदारपुर** । समीपस्थ ग्राम पंचायत भोपावर मे ग्राम सभा का आयोजन किया गया ।जिसमे शासन की विभिन्न योजनाओ का उल्लेख करते हुए आमजन को अवगत करवाया गया। सरपंच प्रतिनिधि मदन मखोड़ ने ग्राम सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार ने सोयाबीन फसल पर भावान्तर योजना शुरू की है ।जिसके तहत किसान अपनी फसल को मंडी मे विक्रय कर लाभ ले सकते है। नोडल अधिकारी प्रवीण कुमार चौहान ने आमजन को बताया कि दीपावली पश्चात वैवाहिक कार्यक्रम प्रारंभ होगे ।सभी आमजन इस बात का ध्यान रखे कि वे अपने पुत्र की आयु 21 व पुत्री की आयु 18 वर्ष पूर्ण होने पर ही विवाह प्रक्रिया करे ।सभी ग्राम वासी भोपावर पंचायत को बाल विवाह मुक्त बनाने के संकल्प को पूर्ण करने मे सहयोग करे। सहायक सचिव मोहन मारू ने आदि कर्मयोगी योजना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस योजना के तहत विकसित ग्राम की कार्ययोजना बनाकर 2030 के विजन को पूर्ण करने मे सभी आमजन अपनी सहभागिता प्रदान करे।

# शौचालय की कमी से जूझ रहा नगर का महेश्वर चौराहा

**मधुमेह के रोगीयों सहित यात्री होते रहते हैं परेशान**

**अन्य लोग भी शौचालय के लिए यहाँ वहाँ भटकते रहते**





**धामनोद** । कहने को तो यूँ धार जिले का सबसे बड़ा व्यापारिक नगर धामनोद कहलाता है, जहाँ हजारों लोगों का आवागमन प्रतिदिन होता रहता है। वहीं किसान भी अपनी उपज को लेकर क्षेत्र की सबसे बड़ी मण्डी में रोजाना आते हैं। वहीं इस चौराहे से इन्दौर से आने वाली एवं इन्दौर जाने वाली सैकड़ों बसें भी रुकती है। इस चौराहे से लगी हुई सैकड़ों दुकानें भी जिनके व्यवसाई सहित आम नागरिक भी अपने मूत्र विसर्जन के लिए सुलभ शौचालय की तलाश करते रहते हैं। ऐसा नहीं कि यहाँ पहले बना हुआ नहीं था। विगत एक वर्ष पूर्व पुराने बने सुलभ शौचालय को सुधार करने के नाम पर आई नगर परिषद की टीम पर कुछ इस तरह रसूखदारों सहित नेताओं ने दबाव बनाया कि सुधार कर रही टीम ने उसे पुरा ही हटा दिया।

वहीं लोगों को नये बस स्टेण्ड पर बने शौचालय केन्द्र पर करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। जबकि महेष्वर चौराहे से नये बस स्टेण्ड पर बने शौचालय की दूरी लगभग 300 मीटर है। यदि किसी व्यक्ति को वहाँ से दुसरी बस पकड़ना हो तो इतनी दूर जाकर आने में समय लगता है वहीं उसकी बस भी छुट जाती है। रात्रि में बस से उतरने वाला यात्री बन्द दुकानों के सामने ही मूत्र विसर्जन करने पर मजबूर रहता है, वहीं उसे अपमानानित होने का भी सामना करना पड़ता है। क्योंकि रात्रि 8 बजे के लगभग ही नये बस स्टेण्ड पर बने पेषाब घर पर ताला लगा दिया जाता है।

ठेका पद्धति होने से रात्रि 8 बजे ही मूत्र विसर्जन केन्द्रों पर लग जाते हैं ताले - नगर के पुराने एवं नये दोनों बस स्टेण्डों पर मूत्र विसर्जन केन्द्र बने हुए हैं परन्तु उनके ठेकेदार रात्रि 8 बजे ही ताले लगा देते हैं। जिससे लोगों को कॉफी परेषानी उठाना पड़ रही है। ऐसे में महेश्व चौराहे पर रात्रि के समय लम्बी यात्रा कर उतने के दौरान सबसे पहले यात्री शौचालय ही तलाशता है।

वहीं मधुमेह के रोगीयों की तो हालत और भी खराब हो जाती है वे पहले से ही परेषान रहतें हैं और शौचालय केन्द्र जल्दी नहीं पहुँच पाने पर अपने कपड़ों में ही मूत्र विसर्जन होने लगता हैं। जिससे उन्हें लोगों के सामने कितनी शर्मिन्दगी का सामना करना पड़ता है, यह उन रसूखदारों और नेताओं को समझ में कहाँ आता है। उन्होंने तो महज अपने रसूख के चलते महेष्वर चौराहे की मुख्य नाली पर बने शौचालय केन्द्र को हटवा कर अपनी पीठ थपथपा ली। कई बार मूत्र विसर्जन केन्द्रों पर रात्रि में ताले लगे होने की षिकायत भी की गई मगर नतीजा कुछ नहीं निकला।

**स्वच्छ भारत मिषन के तहत भी नहीं बना पेषाब घर -**

एक तरफदेखा जाये तो इन्दौर जैसे शहरों में हर 500 मीटर पर सुलभ शौचालयों का निर्माण कराया गया है ताकि नगर को स्वच्छ रखा जा सके परन्तु यहाँ स्वच्छ भारत मिषन के नाम पर नगर परिषद् लाखों रुपये सरकार से ले चुकी है, परन्तु स्वच्छता का नामों निशान भी दिखाई नहीं देता है। ऐसे में नगर का महेष्वर चौराहा मूत्र विसर्जन केन्द्र की कमी झेल रहा है और लोग इधर उधर पेषाब करने पर मजबूर हो रहे हैं। आपको बता दें कि जबसे महेष्वर चौराहे पर बना पेषाब घर नगर परिषद् ने कुछ रसूखदारों के इशारे और दबाव के चलते हटाया है तभी से चौराहे के व्यापारियों सहित बाहर से आने वाले लोगों द्वारा जिला सहकारी बैंक की गली को पेषाब घर बना डाला है। इतना ही नहीं रात के अंधेरे में लोग वहाँ शौच तक कर जाते हैं। बैंक के कर्मचारी सहित वहाँ आने वाले उपभोक्ता भी पेषाब की बदबू से परेषान दिखाई दे रहे हैं। इस गली में कभी सफाई होते नहीं दिखाई दी है। उपर से कुछ दुकानदारों द्वारा कचरा भी यहीं डाला जाने लगा है।

**क्या कहते है लोग -** महेष्वर चौराहे पर शौचालय नहीं होने से कॉफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इतना ही नहीं यात्रियों के साथ महिला यात्री जो लम्बी यात्रा के बाद इस चौराहे पर उतरती है उन्हें भी कहीं ना कहीं मूत्र विसर्जन के लिए ठेलों, दुकानों की आड़ में जाकर मूत्र विर्सजन करने के दौरान बड़ी शर्मिन्दगी झेलना पड़ती है।

**- संजय वर्मा**

मैं एक मधुमेह का रोगी हूँ अपनी जाँच कराने बार बार इन्दौर आना जाना पड़ता है। बीमारी के कारण पेषाब रुक नहीं पाती है। लम्बी यात्रा के बाद महेष्वर चौराहे पर बस से उतरते ही पेषाब घर नहीं होने से कई बार कपड़ों में होने लगती है। लोगों के सामने शर्मिन्दा होना पड़ता है। - मांगीलाल यात्री

कई बार रात्रि में इन्दौर से आने के दौरान महेष्वर चौराहे पर उतरते ही अगली बस पकड़ना पड़ती है। वहीं ढलती उम्र के कारण पेषाब रुक नहीं पाती है। तो यहीं फ्रूल फरूट के ठेले की आड़ में करना पड़ती है। लोगों के बीच कई बार शर्मिन्दा भी होना पड़ा है। नये बस स्टेण्ड पर भी पेषाब घर पर ताले लग जाते हैं। **- बसन्तीबाई यात्री**


हमारी बैंक परिसर के पास ही दिन रात लोग पेषाब कर चले जाते हैं। वहीं कुछ दुकानदार भी अपनी दुकानों का कचरा भी डाल रहे हैं। इतना ही नहीं रात्रि के दौरान शरारती तत्व के लोग शौच तक कर जाते है। जिसके चलते बैंक में आने वाले उपभोक्ताओं और हम कर्मचारियों को भी बदबू से कॉफी दिक्कत हो रही है। - संजय वाणी, ब्रांच मेनेजर जिला सहकारी बैंक धामनोद

**क्या कहते हैं जिम्मेदार -** समस्या गंभीर है यात्रियों और व्यापारियों की तकलिफको देखते हुए जल्द ही महेश्वर चौराहे पर फिर से पेशाब घर निर्माण के लिए परिषद में प्रस्ताव रखकर पुन: निर्माण के लिए मंजूरी ली जायेगी।

**- माया मंडलोई, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद,**

# बाग की बेटी ने भारतीय सेना में पाई गौरवमयी सफलता

## माहेश्वरी समाज के संगठन मंत्री और महिला रंगरेज की बेटी आरुषि ने किया नाम रोशन





**बाग । बाग नगर के बाहेती माहेश्वरी परिवार की प्रतिभाशाली बेटी कुमारी आरुषि प्रियंका दिलीप बाहेती ने अपनी कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास के दम पर भारतीय सेना में चयनित होकर इतिहास रचते हुए बाग का नाम भी एक बार फिर रोशन किया है। आरुषि की इस सफलता से न केवल बाग नगर, बल्कि पूरा धार जिला ओर माहेश्वरी समाज गौरवान्वित हुआ है।ज्ञात हो आरुषि की माता प्रियंका दिलीप बाहेती ने भी बाग प्रिंट की बाग में पहली महिला रंगरेज के रूप में बिना सरकारी सहायता के अपने बल पर ब?ा नेटवर्क ख?ा किया है।**

आरुषि को 80 हजार में से 733 वी रेंक मिली आरुषि ने इस कठिन परीक्षा में 80,000 से अधिक प्रतिभागियों के बीच 733वीं रैंक हासिल की है। विशेष बात यह है कि उन्होंने यह सफलता बिना किसी कोचिंग संस्थान की सहायता के केवल अपने आत्मअध्ययन और दृढ़ परिश्रम के बल पर प्राप्त की है।

*परिवार का मिला समर्थन- *

आरुषि के पिता दिलीप बाहेती और माता प्रियंका बाहेती ने अपनी बेटी की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि आरुषि बचपन से ही पढ़ाई के साथ-साथ अनुशासन और आत्मनिर्भरता की ओर विशेष ध्यान देती थी। परिवार का मानना है कि उसकी इस मेहनत, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच ने ही उन्हें यह मुकाम दिलाया है। पिता दिलीप बाहेती ओर माता प्रियंका भी लगातार संघर्ष कर अपना मुकाम बनाया है दिलीप बाहेती बाग माहेश्वरी समाज मे दूसरी बार निर्विरोध पदाधिकारी बनकर समाज सेवा में लगे हुए है।

आरुषि बाहेती की इस उपलब्धि पर माहेश्वरी समाज अध्यक्ष प्रदीप अगाल,उपाध्यक्ष संजय लड्ढा,सचिव अखिलेश जाजू,कोषाध्यक्ष ब्रजमोहन जाजू,धार्मिक मंत्री श्याम सुंदर बाहेती,महिला मंडल अध्यक्ष प्रीति संजय अगाल,युवा संगठन अध्यक्ष रजत मानधन्या, उप सरपंच रोहित झवर सहित नगरवासियों और स्नेहीजनों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



# टांडा से बाग साधना कुटिया कुक्षी तालनपुर लक्ष्मणी का संघ निकाला

**लाभार्थी श्रीमती घिसिबाई हीराचंद जी चौहान परिवार का हुआ बहुमान**

**टांडा धार नि प्र** तत्व चिंतन चातुर्मास टांडा में पूज्य साध्वी जी भगवंत तत्वलता श्री जी महाराज सा कुसुमलता श्री जी महाराज सा आदि ठाणा की पावन प्रेरणा तथा निश्रा में चातुर्मास के दौरान हुई विभिन्न तपस्या के अनुमोदनार्थ सभी तपस्वियों को लक्ष्मणी तीर्थ यात्रा करवाने की घोषणा टांडा के श्रीमती घिसी बाई हीराचंद जी चौहान परिवार ने की थी प्रात: 6 बजे 100 यात्रियों का एक संघ यहां दादा अजीतनाथ भगवान दादा गुरुदेव राजेंद्र सूरीजी तथा पुण्य सम्राट श्रीमद विजय जयंतसेन सूरीजी जी की प्रतिमा के दर्शन वंदन कर तथा यहां चातुर्मास कर रहे पूज्य साध्वी जी भगवंत तत्वलता श्री जी महाराज सा से मांगलिक श्रवण कर तथा आशीर्वाद ले कर के निकले संघ टांडा से बाग जयंतसेन साधना कुटिया के दर्शन कर तालनपुर पहुंचा यहां सभी यात्रियों द्वारा भगवान के दर्शन पूजन कर लक्ष्मणी तीर्थ पहुंचे मुलनायक पद्मप्रभु भगवान के दर्शन पूजन कर यहां महिला एवं बहु परिषद द्वारा अष्ट प्रकारी पूजन पढ़ाई गई संघ यहां से नंदूरी तीर्थ के मूलनायक श्री नेमीनाथ भगवान के दर्शन वंदन किए संघ पुन: तालनपुर होते हुए कुक्षी पहुंचा कुक्षी में पुण्य सम्राट श्रीमद विजय जयंतसेन सूरीजी महाराज सा के पट्टधर सु विशाल गच्छाधिपति ह्रदय सम्राट श्रीमद विजय नित्यसेन सूरीजी महाराज सा की आज्ञानुवर्ती चातुर्मास हेतु विराजित पूज्य साध्वीजी भगवंत लब्धिनिधि श्री जी महाराज सा आदि ठाणा के दर्शन वंदन कर सुख साता पूछी तथा विगत वर्ष में जाने अनजाने में हुई भूलो के लिए टांडा श्री संघ की ओर से क्षमा याचना की साध्वीजी भगवंत ने उपदेश देते हुए कहा की तप रूपी ताप से आत्मा को उज्जवल बनाया हे कर्मो का क्षय किया हे यह तपस्वी आत्मा पुन: कर्म बंधन में ना लगे इसका ध्यान रखना हे कम से कम प्रात: नवकारसी तथा रात्रि भोजन त्याग के पच्चखान अवश्य करना हे एक सच्चे श्रावक को परमात्मा की पूजन भी प्रतिदिन करना चाहिए ।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष पथ संचलन आज, हज़ारों स्वयंसेवक होंगे शामिल



**धार** । विजयादशमी के अवसर पर प्रतिवर्ष निकलने वाला पथ संचलन 5 अक्टूबर को धार नगर में विराट रूप में निकलेगा । इस वर्ष नगर में निकलने वाला यह संचलन संघ के शताब्दी वर्ष में प्रवेश पर वृहद रूप में निकलेगा जो खास होगा। जिसमें संघ की 14 बस्तियां 136 मोहल्ले से सभी स्वयंसेवक किला मैदान पर एकत्रित होंगे । संचलन को लेकर पूरे नगर में भारी उत्साह देखा जा रहा है ।गत 1 माह से लगभग 315 कार्यकर्ता इसकी तैयारी में जुटे हुए हैं ।अनुमानित 4000 से अधिक स्वयंसेवक संचलन में सहभागिता करेंगे । घोष की दस इकाईयाँ करेगी उत्साह वर्धन संचलन का विराट रूप होने से इस वर्ष संघ के घोष दल को लेकर विशेष तैयारी की गई है । जिसमें 182 वादकों ने अभ्यास किया है । आपको बता दें कि संघ घोष आम समाज के लिए बहुत ही आकर्षण का केंद्र होता है । घोष को लेकर कार्यकर्ता विगत कई दिनों से निरन्तर अभ्यास कर रहे हैं वही घोष दल मे 11 पथक 1 प्रगत पथक जो कि 7 से ज्यादा रचनाओ का वादन करेंगे जिसमें मेवाड़, सोनभद्र, श्री राम,वीमीरा भूप, शिवरंजनी, उदय शामिल है । जिसके मधुर स्वर पर स्वयंसेवक कदमताल करते नजर आएंगे ।

गणवेश को लेकर आम समाज दिखा उत्साहित संचलन के विराट स्वरूप के कारण उत्साहित स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर संचलन के लिए संपर्क किया है ।उनके उत्साह के साथ-साथ आम समाज ने भी स्वयंसेवकों के आग्रह को स्वीकार करते हुए प्रत्येक संपर्कित व्यक्ति ने गणवेश खरीदी है ।

**एक नजर** यहां प्रतिदिन सैंकड़ों लोग परिवार संग घूमने फिरने आते है लेकिन सुविधाओं के अभाव में यह स्थल लोगों की मुसीबत बढ़ा रहा है

# सार्वजनिक शौचालय न होने से बदनावर चौपाटी महाराणा चौक मातृशक्ति के लिए बना मुसीबत





**बदनावर.** महाराणाचौपाटी पर सार्वजनिक शौचालय न होने से यात्रियों और खासकर महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, चौपाटी शहर का प्रमुख सार्वजनिक स्थल है जहां प्रतिदिन सैकड़ों लोग परिवार संग घूमने-फिरने और समय बिताने आते हैं, खाने-पीने के ठेले और दुकानें इस जगह को आकर्षक बनाते हैं लेकिन सुविधाओं के अभाव में यह स्थल लोगों की मुसीबत बढ़ा रहा है, आसपास कोई शौचालय न होने से यात्री मजबूरी में निजी दुकानों या ढाबों का सहारा लेते हैं जहां कई बार दुकानदार अनुमति भी नहीं देते, समस्या महिलाओं और बच्चों के लिए और विकट हो जाती है। क्योंकि यह न केवल शर्मिंदगी बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी नुकसानदेह है, भीड़भाड़ के समय और त्योहारों में स्थिति और गंभीर हो जाती है पूर्व पार्षद जितेंद्र शर्मा ने बताया पूर्व में एक अस्थाई शौचालय नगर पंचायत के द्वारा रखवाया गया था अभी वर्तमान में स्थिति क्या है मैं देख कर बताता हूं, बदनावर निवासी विनोद शर्मा का कहना है कि प्रतिदिन यहां बड़ी संख्या में लोग आते हैं लेकिन नगर परिषद की लापरवाही के कारण चौपाटी पर मूलभूत सुविधा जैसे शौचालय मौजूद नहीं है जिससे स्वच्छता और व्यापार दोनों प्रभावित हो रहे हैं, स्वच्छ भारत अभियान के बावजूद चौपाटी जैसे प्रमुख स्थल पर सफाई और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधा नहीं होना प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है, यात्रियों और स्थानीय लोगों का कहना है कि शौचालय न होने से वे परिवार संग लंबे समय तक यहां नहीं रुक पाते और कई बार मजबूरी में खुले में शौच भी करना पड़ता है जिससे संक्रमण और बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है तथा चौपाटी की छवि धूमिल होती है, लोगों ने नगर परिषद से तत्काल स्थायी और आधुनिक शौचालय निर्माण की मांग की है तथा उसकी नियमित सफाई और रखरखाव पर ध्यान देने की जरूरत बताई है ताकि चौपाटी पर आने वाले यात्रियों, महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को सुविधा मिल सके । रही शासन कि इस व्यवस्था में पिछले कुछ वर्षों में नगर में जो अस्थाई शौचालय थे वह लगभग समाप्त हो गए हैं या उपद्रवी नशेड़ी तत्वों द्वारा समाप्त कर दिए जाते बाद में भंगार के भाव में बिक जाते हैं। जानकार लोगों की यदि समझे तो स्थाई निर्माण नालियों पर करवा दिया जाए तो वह ज्यादा बेहतर व्यवस्था साबित होती है अस्थाई शौचालय दो-तीन साल से ज्यादा चल नहीं पाते हैं और गंदगी होने पर सफाई व्यवस्था भी नहीं हो पाती है महंगे भाव के आस्थाई शौचालय बाद में भंगार मै चले जाते हैं और अस्थाई शौचायलयों से कम चलाया जा रहा है जो की एक अस्थाई व्यवस्था है अत: इस व्यवस्था का स्थाई हल हो और बदनावर का महाराणा चौक बदनावर की शान और सर्व सुविधा युक्तबने